कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.co.in
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 25/06/2018

## :: IQAC बैठक ::

आज दिनांक 25.06.2018 को IQAC समन्वयक की अध्यक्षता में IQAC सदस्यों की बैठक दोपहर 12.00 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।

| क. | IQAC सदस्यों का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 01. | श्री के.के.ध्रुव (Administrative Representative) | |
| 02. | प्रो. अनिता राजपुरिया (Teachers Representative) | |
| 03. | प्रो. प्रभा वेरूलकर(Teachers Representative) | |
| 04. | डॉ. ए.के.सिंह(Teachers Representative) | |
| 05. | श्री पी.सी. चौधरी(Teachers Representative) | |
| 06. | डॉ. तामेश्वरी साहू (Teachers Representative) | |
| 07. | श्री अमित कुमार साहू (Teachers Representative) | |
| 08. | श्री विक्रांत शर्मा (Local Society Representative) | |
| 09. | श्री विजय साहू (Management Representative) | |
| 10. | श्री राहुल शर्मा (Student Representative) | Rahul |
| 11. | श्री शरद चौबे (Alumni Representative) | |
| 12. | श्री ललित लुंकड (Stack Holders Representative) | Jain |

(डॉ.(श्रीमती) मनदीप खालसा)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

(डॉ.चन्द्रशेखर चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

# IQAC समिति
## बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ IQAC बैठक कार्यवाही विवरण ॥
## दिनांक 25.06.2018

| Agenda | Resolution |
|---|---|
| 01. पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता पर कार्य योजना। | • स्वच्छता भारत अभियान योजना अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए IQAC ने एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के सहयोग से कार्यकम कराने का निर्णय लिया गया।<br>• जनभागीदारी समिति के सहयोग से महाविद्यालय परिसर की आवारा पशुओं से सुरक्षा के लिए जनभागीदारी समिति की सहयोग से प्रबंधन करने का निर्णय लिया गया। |
| 02. शैक्षिणेत्तर गतिविधियों का आयोजन। | महाविद्यालय में शैक्षिणेत्तर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए IQAC ने यह निर्णय लिया कि IQAC समन्वयक द्वारा सभी विभागाध्यक्षों की संयुक्त बैठक लिया जाएगा एवं सभी स्नातकोत्तर विभागों में शैक्षिणेत्तर कार्यकम के आयोजन के लिए कार्य रूप रेखा बनाने निर्देशित किया जाएगा। |
| 03. कैम्पस प्लेसमेंट कार्यकम आयोजनः- | IQAC ने महाविद्यालय में गठित कैरियर कॉउसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल को निर्देशित किया गया कि विभिन्न कम्पनियों, कारखानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, निजि संस्थानों एवं बैंको से संपर्क कर महाविद्यालय में रोजगार कैम्प आयोजित करें। |
| 04. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा। | सत्र 2017-18 के IQAC के गतिविधियों, कार्य निष्पादन पर चर्चा की गई एवं गत वर्ष की कमियों को दूर करते हुए वर्तमान सत्र में बेहतर निष्पादन का संकल्प लिया गया। |

# IQAC समिति

## बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ कार्य निष्पादन रिपोर्ट ॥

## दिनांक 25.06.2018

| Agenda | Action Taken Report |
|---|---|
| 01. पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता पर कार्य योजना। | • IQAC की प्रेरणा से एन.एस.एस. प्रभारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में नियमित स्वच्छता करायी जाती है।<br>• स्वच्छता के संबंध में सामाजिक जागरूकता को बढ़ाने के लिए एन.एस.एस. प्रभारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम-पंचायत तेलीनसत्ती में 01 जुलाई 2018 को रैली एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>• ग्राम अर्जुनी में 05 से 15 जुलाई 2018 तक 10 दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं सांस्कृतिक कार्य के माध्यम से जन जागृति लाने का प्रयास किया गया।<br>• महाविद्यालय में 01 अगस्त से 15 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को स्वच्छता जागरूकता की शपथ दिलाई गई एवं प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता संबंधी कार्यक्रम किया गया।<br>• पर्यावरण संरक्षण की संकल्पना के परिपालन में राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण एवं पर्यावरण संरक्षण मंच द्वारा अटल वृक्ष बंधन कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।<br>• दिनांक 25.08.2018 को जनभागीदारी समिति के सहयोग से 794774 रूपये की लागत से महाविद्यालय के प्रवेश द्वारा में Cow Catcher निर्माण कार्य सम्पन्न किया गया, जिससे आवारा मवेशियों के महाविद्यालय परिसर में प्रवेश की समस्या का समाधान हुआ। |
| 02. शैक्षिणेत्तर गतिविधियों का आयोजन। | IQAC के निर्देशन में छात्र-छात्राओं के मध्य सोहार्द पूर्व संबंध विकास एवं व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया:-<br>• सभी विभागों द्वारा नवागंतुक छात्रों के स्वागत् के लिए वरिष्ठ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा स्वागत् समारोह का आयोजन किया गया।<br>• सभी विभागों में शिक्षकों के सम्मान में 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया।<br>• 02.08.2018 से हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी साहित्य के प्रति छात्र-छात्राओं में रूचि जागृत करने के लिए मुंशी प्रेमचंद जयंती मनाई गई।कार्यक्रम में साहित्यकार एवं मुख्य अतिथि डॉ. उमाकांत मिश्र, डॉ. माझी अनंत एवं डॉ विजन पंजवानी ने प्रेमचंद की रचनाओं पर अपने विचार व्यक्त कर छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। |
| 03. कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजनः- | • कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल प्रभारी के सहयोग एवं महाविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।<br>• दिनांक 09.07.2018 को इक्विटस बैंक द्वारा फिल्ड ऑफिसर इंसेटिव पोस्ट के लिए कैम्पस प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन हुआ जिसमें 50 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। जिसमें 05 विद्यार्थी अंतिम रूप से चयनित हुए। |

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.co.in
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 10/09/2018

# ॥ IQAC बैठक ॥

आज दिनांक 10.09.2018 को IQAC समन्वयक की अध्यक्षता में IQAC सदस्यों की बैठक दोपहर 12.00 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।

| क. | IQAC सदस्यों का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 01. | श्री के.के.ध्रुव (Administrative Representative) | |
| 02. | प्रो. अनिता राजपुरिया (Teachers Representative) | |
| 03. | प्रो. प्रभा वेरूलकर(Teachers Representative) | |
| 04. | डॉ. ए.के.सिंह(Teachers Representative) | |
| 05. | श्री पी.सी. चौधरी(Teachers Representative) | |
| 06. | डॉ. तामेश्वरी साहू (Teachers Representative) | |
| 07. | श्री अमित कुमार साहू (Teachers Representative) | |
| 08. | श्री विकांत शर्मा (Local Society Representative) | |
| 09. | श्री विजय साहू (Management Representative) | |
| 10. | श्री राहुल शर्मा (Student Representative) | |
| 11. | श्री शरद चौबे (Alumni Representative) | |
| 12. | श्री ललित लुंकड (Stack Holders Representative) | |

(डॉ.(श्रीमती) मनदीप खालसा)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

(डॉ.चन्द्रशेखर चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

# IQAC समिति
# बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ IQAC बैठक कार्यवाही विवरण ॥
## दिनांक 10.09.2018

| Agenda | Resolution |
|---|---|
| 01. कैरियर कॉउसलिंग, अतिथि व्याख्यान कार्यशाला एवं सेमीनार का आयोजन। | • महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में रोजगारोन्मुखी दृष्टिकोण में विकास के लिए IQAC द्वारा कैरियर कॉउसलिंग कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।<br>• IQAC द्वारा निर्णय लिया गया कि- IQAC समन्वयक सभी विभागाध्यक्ष की बैठक लेंगे, जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर स्नातकोत्तर विभागों द्वारा अतिथि व्याख्यान कार्यशाला एवं सेमीनार का आयोजन करने का निर्देश दिया जाएगा। |
| 02. मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्य-योजना। | छात्र-छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य विकास एवं जागरूकता के लिए IQAC ने मनोविज्ञान विभाग को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजन का निर्देश दिया। |
| 03. सांस्कृतिक सौहार्द एवं लैंगिक समानता पर कार्य-योजना। | छात्र-छात्राओं में सांस्कृतिक सौहार्द के विकास एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों एवं महाविद्यालय समितियों के द्वारा कार्यक्रम आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। |
| 04. महात्मा गांधी के 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजन। | महात्मा गांधी के 150 वीं जयंती वर्ष को व्यापक रूप से वर्ष भर मनाने जाने के निर्देशानुसार IQAC ने निर्णय लिया कि सत्र 2018-19 में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के सौजन्य से सितम्बर माह के आरंभ से प्रतिमाह महात्मा गांधी जी के जीवन पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। |
| 05. शिक्षक अभिभावक योजना का विस्तार। | IQAC द्वारा शिक्षक अभिभावक योजना का विस्तार की योजना प्रस्तावित की इस कार्य हतु शिक्षक अभिभावक समिति के अध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर को निर्देशित किया गया। |
| 06. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा। | प्रथम बैठक के एजेण्डा के परिपालनार्थ आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई।<br>धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई। |

# IQAC समिति
## बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ कार्य निष्पादन रिपोर्ट ॥
## दिनांक 10.09.2018

| Agenda | Action Taken Report |
|---|---|
| 01. कैरियर कॉउसलिंग, अतिथि व्याख्यान कार्यशाला एवं सेमीनार का आयोजन। | • IQAC की तत्वाधान में छात्र-छात्राओं को कैरियर के विभिन्न आयामों की जानकारी प्रदान करने के लिए कॉउसलिंग 11 से 13 अक्टूबर 2018 को छ.ग. इण्डस्ट्रीयल एवं टेक्निकल कन्सलटेनसी सेन्टर के सहयोग से तीन दिवसीय कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 76 विद्यार्थी लाभान्वित हुआ।<br>• दिनांक 12.10.2018 को विधि विभाग द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 पर व्याख्यान आयोजित किया गया।<br>• IQAC द्वारा प्राणीशास्त्र विभाग के सहयोग से दिनांक 04.10.2018 को वर्ल्ड एनीमल-डे पर रोचक क्वीज प्रतियोगिता आयोजित किया गया।<br>• दिनांक 22.12.2018 को IQAC की प्रेरणा से गणित दिवस के अवसर पर ''वैदिक गणित'' विषय पर गणित विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता श्री देवेश यादव एवं श्री सोमनाथ साहू ने वैदिक गणित के उपयोग तथा विभिन्न विधि से सरलतम हल हो समझाया।<br>• 26 से 27 फरवरी 2019 को विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया, जिसका थीम था ''विज्ञान मानव के लिए एवं मानव विज्ञान के लिए'' इस अवसर पर डॉ. अंजली अवधिया (प्राध्यापक, शासकीय एन. विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर) ने महत्वपूर्ण विषयों की सरल एवं सहज व्याख्यान प्रस्तुत की। |
| 02. मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्य-योजना। | • IQAC द्वारा मनोविज्ञान विभाग एवं जिला चिकित्सालय, धमतरी के मनोचिकित्सा विभाग के सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पूनम देवांगन (Psychiatric, Social Worke) ने शराब सेवन करने वाले व्यक्ति की विभिन्न अवस्थाओं, आदत निर्माण कारकों की जानकारी दी तथा तनाव, चिंता, विकृति जैसे (General Anxciety, Disorder obsessive compulsive disorder and phobia) पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विश्व मानसिक जागरूकता सप्ताह मनाने की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला।<br>• दिनांक 15.10.2018 को महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग, यूथ रेडकॉस सोसायटी द्वारा जिला अस्पताल, धमतरी के मनोचिकित्सा विभाग के सौजन्य से ''कार्यस्थल ने तनाव प्रबंधन'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टॉफ को कार्यस्थल में तनाव प्रबंधन के संबंध में मनोचिकित्सक डॉ.सुचिता गोयल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें तनाव के कारण दुष्परिणाम, तनाव प्रबंध की तकनीक एवं योगा ट्रेनर श्रीमती मीना गौतम द्वारा Laughing Exercise कराया गया।<br>• दिनांक 14.09.2018 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 334 विद्यार्थियों को एल्बेण्डाजोल दवाई का वितरण एवं सेवन कराया गया। |

| | |
|---|---|
| 03. सांस्कृतिक सौहार्द एवं लैंगिक समानता पर कार्य-योजना। | • महाविद्यालय परिवार के छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों के मध्य सांस्कृतिक सौहार्द पूर्व वातावरण निर्मित करने के लिए 03.11.2018 को महाविद्यालय परिसर में सुआ नृत्य (छत्तीसगढ़ में दीपावली के पूर्व किया जाने वाला लोक नृत्य) का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने उल्लासपूर्व सहभागिता दी। |
| 04. महात्मा गांधी के 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजन। | राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती समारोह कार्याजंली के कियान्वयन हेतु विभिन्न विभाग में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया:-<br>• दिनांक 01.10.2018 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा ''वर्तमान परिदृश्य में महात्मा गांधी की बुनियादी शिक्षा सिद्धांत की प्रासंगिकता'' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विधि विभाग में व्याख्यान माला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।<br>• दिनांक 01.11.2018 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह कार्याजली के तारतम्य में हिन्दी विभाग द्वारा पंचतंत्र की कहानियाँ पर आधारित मूल्यों को शिक्षा से संबंध करना'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।<br>• दिनांक 02.11.2018 को विधि विभाग में ''नशा उन्मूलन में गांधीवादी चिंतन का योगदान'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा ''लोकतंत्र के विकास में गांधी जी की पंचायती राज प्रणाली की प्रासंगिता पर'' वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।<br>• दिनांक 03.11.2018, इतिहास विभाग में गांधी जी के 150वीं जयंती के अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं सेमीनार का आयोजन किया गया। |
| 05. शिक्षक अभिभावक योजना का विस्तार। | • IQAC द्वारा शिक्षक अभिभावक योजना हेतु महाविद्यालय के सभी पूर्ण कालिन प्राध्यापकों को विभिन्न कक्षाओं में अभिभावक नियुक्ति कर Mentee को सहयोग, परामर्श निर्देशन देकर संत्रात में रिपोर्ट प्राप्त की गई। |
| | • **IQAC प्रथम बैठक की एजेण्डा कमांक 02** के परिपालन में 15 सितम्बर 2018 को हिन्दी विभाग द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यकम के मुख्य अतिथि पदमश्री डॉ.सुरेन्द्र दुवे, हास्य व्यंकार श्रीमती शशि दुवे ने अपनी रचनाओं द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया एवं हिन्दी विभाग के प्रति रूचि जागृत की।<br>• **IQAC प्रथम बैठक की एजेण्डा कमांक 02** के परिपालन में गांधी जयंती के अवसर पर एन.एस.एस., एन.सी.सी. के वालेंटियर्स एवं महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा महाविद्यालय में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।<br>• **IQAC के प्रथम बैठक की एजेण्डा कमांक 03** के परिपालन में दिनांक 20.09.2018 को वेदांता लिमिटेड एल्यूमिनियम एवं पावर झारसुगुडा द्वारा प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें एम.एस. सी.-रसायन के 09 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए एवं 09 प्रतिभागियों का अंतिम चयन किया गया। |

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.co.in
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933


दिनांक 12/11/2018

# ॥ IQAC बैठक ॥

आज दिनांक 12.11.2018 को IQAC समन्वयक की अध्यक्षता में IQAC सदस्यों की बैठक दोपहर 01.00 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।

| क्र. | IQAC सदस्यों का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 01. | श्री के.के.ध्रुव (Administrative Representative) | [signature] |
| 02. | प्रो. अनिता राजपुरिया (Teachers Representative) | [signature] |
| 03. | प्रो. प्रभा वेरूलकर (Teachers Representative) | [signature] |
| 04. | डॉ. ए.के.सिंह (Teachers Representative) | [signature] |
| 05. | श्री पी.सी. चौधरी (Teachers Representative) | [signature] |
| 06. | डॉ. तामेश्वरी साहू (Teachers Representative) | [signature] |
| 07. | श्री अमित कुमार साहू (Teachers Representative) | [signature] |
| 08. | श्री विकांत शर्मा (Local Society Representative) | [signature] |
| 09. | श्री विजय साहू (Management Representative) | |
| 10. | श्री राहुल शर्मा (Student Representative) | Rahul |
| 11. | श्री शरद चौबे (Alumni Representative) | [signature] |
| 12. | श्री ललित लुंकड (Stack Holders Representative) | [signature] |

(डॉ.(श्रीमती) मनदीप खालसा)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

(डॉ.चन्द्रशेखर चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

# IQAC समिति
# बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ IQAC बैठक कार्यवाही विवरण ॥
## दिनांक 12.11.2018

| Agenda | Resolution |
|---|---|
| 01. रोजगार मार्गदर्शन एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन। | महाविद्यालय छात्र-छात्राओं को रोजगार संबंध मार्गदर्शन देने एवं महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान आयोजन करने के लिए IQAC ने सभी विभागों को निर्देशन देने का निर्णय लिया। |
| 02. वेलफेयर क्लब की सहायता से आर्थिक सहयोग की कार्ययोजना। | • महाविद्यालय में गठित वेलफेयर क्लब की सहयोग से निःशक्त निर्धन, आवश्यकतानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।<br>• आकस्मिक राष्ट्रीय आपदा पर की स्थिति में पुनः संकलन के लए रेडक्रॉस सोसायटी के वालेंटियर्स की समूह गठित करने के लिए रेडक्रॉस सोसायटी के प्रभारी को निर्देशन दिया गया। |
| 03. स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम | IQAC द्वारा रेडक्रास सोसायटी के सहयोग एवं जिला अस्पताल, धमतरी के सौजन्य से छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण (एच.बी. एवं सिकलिंग टेस्ट) कराया गया। छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपस्थित चिकित्सकों द्वारा एनीमिया से बचाव संबंधी परामर्श दिया गया। |
| 04. प्राध्यापकों में शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु कार्ययोजना। | महाविद्यालय के प्राध्यापकों में शोध पत्र लेखन की प्रकृति को प्रोत्साहित करने के लिए IQAC समिति ने सभी प्राध्यापकों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया:-<br>• यू.जी.सी. द्वारा Approved Journal में शोध पत्र प्रकाशित करने की जानकारी प्रदान की जाएगी इस संबंध में डॉ. अनिता राजपुरिया, IQAC सदस्य प्राध्यापकों को समुचित जानकारी प्रदान करेगी।<br>• सभी प्राध्यापकों की बैठक में आयोजित कर सेमीनार एवं कार्यशाला में शामिल होने के लिए भी प्रेरित करने का भी निर्णय लिया गया।<br>• महाविद्यालय के प्राध्यापकों को शोध निर्देशक बनने एवं गैर पी.-एच.डी. सहायक प्राध्यापकों को पी.एच.डी. करने के लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया गया। |
| 05. स्नातक स्तरीय आंतरिक मूल्यांकन संबंधी कार्ययोजना। | IQAC द्वारा आन्तरिक मूल्यांकन समिति को निम्नलिखित निर्देश दिया :-<br>• विश्वविद्यालयीन परीक्षा की तैयारी हेतु गंभीरतापूर्वक पूर्व विश्वविद्यालयीन (आंतरिक) परीक्षा की तैयारी करे। इस संदर्भ में प्रश्न पत्रों को तैयार करने हेतु प्राध्यापकों को निर्देशित करें।<br>• पूर्व वर्षो के पूर्व विश्वविद्यालयीन परीक्षा एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा के प्रश्न पत्रों में समानता जांच की तुलनात्मक प्रपत्र तैयार करने के लिए प्राध्यापकों को निर्देशित करें। |
| 06. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा। | • एल्युमिनी एसोशिएशन के सदस्यों को महाविद्यालय के विकास में योगदान हेतु प्रेरित करने का निर्णय लिया गया।<br>• पूर्व बैठक एजेण्डा के कार्यनिष्पादन की समीक्षात्मक चर्चा की गई। |

# IQAC समिति
## बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ कार्य निष्पादन रिपोर्ट ॥
## दिनांक 12.11.2018

| Agenda | Action Taken Report |
|---|---|
| 01. रोजगार मार्गदर्शन एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन। | • महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोजगार संबंधी मार्गदर्शन एवं अभिप्रेरणा प्रदान करने के लिए दिनांक 18.01.2019 को मोटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अथिति श्री नाग अवस्थी, (छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता) थे।<br>• प्रिज्म कॉलेज, उतई द्वारा आयोजित कैरियर गाइडेंस वर्कशाप में महाविद्यालय के 17 विद्यार्थियों को सहभागिता के लिए भेजा गया।<br>• दिनांक 31.01.2019 को भूगोल विभाग में शोध पत्र लेखन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ कमल शर्मा, हरिशंकर गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.), सेवानिवृत्त प्राध्यापक ने How to Prepare Research Paper विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। |
| 02. वेलफेयर क्लब की सहायता से आर्थिक सहयोग की कार्ययोजना। | • दिनांक 15.12.2018 को दिव्यांग लोगों के सहयातार्थ अंतरा कला परिषद् को महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणि स्टॉफ द्वारा 20000.00रू. की सहयोग राशि प्रदान की गई।<br>• IQAC के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा केरल बाढ़ पीड़ितों के लिए कोष संचय हेतु व्यापक अभियान चलाया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापको, कर्मचारियों एवं महाविद्यालय के मार्ग से गुजरने वालो नागरिक जनों के सहयोग से 11111.00 रूपये की सहायता राशि का संकलन हुआ जिसे दिनांक 05.09.2018 को कलेक्टर, धमतरी को सौंपा गया। |
| 03. स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम | • रेडक्रॉस द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एच.बी. टेस्ट एवं सिकलिंग टेस्ट दिनांक 25.01.2019 को 181 लाभार्थी।<br>• राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के द्वितीय चरण दिनांक 08.02.2019 को 418 विद्यार्थियों को एलबेण्डाजोल दवाई का सेवन कराया गया। |
| 04. प्राध्यापकों में शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु कार्ययोजना। | IQAC की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन के परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण सत्र में 10 शोध पत्र प्रकाशित हुआ, जिसमें 03 अन्तर्राष्ट्रीय स्तर, 05 राष्ट्रीय स्तर एवं 02 राज्य स्तरीय जर्नल में प्रकाशित हुआ। 06 प्राध्यापकों ने राष्ट्रीय स्तर के सेमीनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के 01 प्राध्यापक ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सेमीनार में 01 ने राष्ट्रीय स्तर के वर्कशॉप में एवं 19 ने महाविद्यालय स्तरीय वर्कशॉप में सहभागिता दी। |
| 05. स्नातक स्तरीय आंतरिक मूल्यांकन संबंधी कार्ययोजना। | • आंतरिक मूल्यांकन समिति द्वारा IQAC के निर्देशन पर पूर्व विश्वविद्यालयीन परीक्षा सम्पन्न कराया गया।<br>• पूर्व विश्वविद्यालयीन परीक्षा एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा के प्रश्न पत्र की तुलनात्मक चार्ट तैयार कराया गया, जिसमें प्राध्यापकों की विषर एवं प्रश्न पत्रों के प्रति गम्भीरता एवं विद्यार्थियों को पूर्व विश्वविद्यालयीन परीक्षा के महत्व से परिचित होने का अवसर दिया। |

| | |
|---|---|
| | • IQAC की प्रेरणा सेस एल्यूमिनी सोसायटी द्वारा सत्र 2018-19 में महाविद्यालय हेतु 01 आरो वाटर कूलर, 05 Garden Chair, 01 Wheel Chair प्राप्त हुआ।<br>• बैठक 01 के एजेण्डा कमांक 02 के परिपालन में अर्थशास्त्र, भूगोल, राजनीति विज्ञान, इतिहास विभाग, गणित, रसायन एवं विज्ञान परिषद् द्वारा रंगोली, मेहंदी, पुष्पसज्जा, पाककला, हस्तशिल्प कला, केस सज्जा, प्रश्नोत्तरी, प्रश्न मंच एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का आयोजन छात्र-छात्राओं का व्यक्तित्व विकास में सहायक है एवं आपसी सौहार्द में वृद्धि होती है।<br>• प्रथम बैठक की एजेण्डा कमांक 03 के परिपालन में दिनांक 27.11.2018 को एक्सिस बैंक द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट कैम्प आयोजन किया गया जिसमें 82 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया। उक्त प्लेसमेंट में 10 विद्यार्थियों का चयन किया गया।<br>• दिनांक 22.01.2019 को कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें काउंसलर मार्केटिंग एक्सक्यूटिव पद हेतु 58 विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ।<br>• बैठक 02 की एजेण्डा कमांक 03 के परिपालन में 16 जनवरी 2019 को छात्र-छात्राओं द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विविध व्यजंनों एवं मनोरंजक खेलों का स्टॉल लगाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त स्टॉल संयोजनों को पुरस्कृत किया गया।<br>• द्वितीय बैठक के एजेण्डा कमांक 01 के परिपालन में दिनांक 16.02.2019 को अर्थशास्त्र विभाग में ''छत्तीसगढ़ बजट 2018-19 की समीक्षा'' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, मुख्य वक्ता डॉ. बी.एल. सोनेकर, एसोसिएट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर थे।<br>• द्वितीय बैठक के एजेण्डा कमांक 02 के परिपालन में दिनांक 16.01.2019 को मनोविज्ञान विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ब्रम्हकुमारी आश्रम, रायपुर का भ्रमण कराया गया। जहाँ छात्र-छात्राओं ने राजयोग ध्यान की विधि एवं महत्व की जानकारी प्राप्त की। ब्रम्हकुमारी रितंभरा ने बताया कि अध्यात्म द्वारा जीवन को सरल और सहज बनाया जा सकता है। |

कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.co.in
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 12/03/2019

# ॥ IQAC बैठक ॥

आज दिनांक 12.03.2019 को IQAC समन्वयक की अध्यक्षता में IQAC सदस्यों की बैठक दोपहर 12.00 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।

| क. | IQAC सदस्यों का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 01. | श्री के.के.ध्रुव (Administrative Representative) | [signature] |
| 02. | प्रो. अनिता राजपुरिया (Teachers Representative) | [signature] |
| 03. | प्रो. प्रभा वेरूलकर(Teachers Representative) | [signature] |
| 04. | डॉ. ए.के.सिंह(Teachers Representative) | [signature] |
| 05. | श्री पी.सी. चौधरी(Teachers Representative) | [signature] |
| 06. | डॉ. तामेश्वरी साहू (Teachers Representative) | [signature] |
| 07. | श्री अमित कुमार साहू (Teachers Representative) | [signature] |
| 08. | श्री विकांत शर्मा (Local Society Representative) | [signature] |
| 09. | श्री विजय साहू (Management Representative) | |
| 10. | श्री राहुल शर्मा (Student Representative) | Rahul |
| 11. | श्री शरद चौबे (Alumni Representative) | [signature] |
| 12. | श्री ललित लुंकड (Stack Holders Representative) | [signature] |

(डॉ.(श्रीमती) मनदीप खालसा)
IQAC समन्वयक
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

(डॉ.चन्द्रशेखर चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

# IQAC समिति
# बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ IQAC बैठक कार्यवाही विवरण ॥
## दिनांक 12.03.2019

| Agenda | Resolution |
|---|---|
| 01. सभी परिषदों के कार्यक्रमों की समीक्षा रिपोर्ट। | • IQAC द्वारा पूर्व निर्धारित एजेण्डा के अनुसार वर्षभर में संचालित गतिविधियों के विश्लेषण एवं मूल्यांकन के लिए सभी परिषदों के प्रभारियों को उनके द्वारा सम्पादित कार्यक्रमों की विवरण समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया जाने का निर्णय लिया गया। |
| 02. आगामी सत्र में नवाचारयुक्त अध्यापन की कार्य-योजना निर्माण हेतु प्रेरित करना। | सभी विभागों को नवाचार हेतु प्रेरित करते हुए साहित्य, पत्र-पत्रिका, इन्टरनेट एवं माध्यमों से अपने विषय में नवाचार प्रद्धति का प्रयोग कैसे किया जाए, संबंधित जानकारी प्राप्त कर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। |

# IQAC समिति
## बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## ॥ कार्य निष्पादन रिपोर्ट ॥
## दिनांक 12.03.2019

| Agenda | Action Taken Report |
|---|---|
| 01. सभी परिषदों के कार्यक्रमों की समीक्षा रिपोर्ट। | सभी परिषदों ने वर्ष भर में सम्पादित कार्यक्रमों की रिपोर्ट IQAC के समक्ष प्रस्तुत किया। |
| 02. आगामी सत्र में नवाचारयुक्त अध्यापन की कार्य-योजना निर्माण हेतु प्रेरित करना। | विभिन्न विभागों ने आमागी सत्र में नवाचार युक्त शिक्षण की कार्ययोजना बनाने का निर्णय लिया। |